GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

# Directorate School Education
# विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development

School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा

तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालयः शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्सः 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में,

राज्य के सभी,
1. जिला शिक्षा अधिकारी,
2. जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,
3. जिला परियोजना समन्वयक।

यादी क्रमांकः– 11/32-2023 ACD (4)
दिनांकः– 17.10.2023

**विषयः** **राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों में न्यूनतम वांछित ढांचागत सुविधाओं (Minimum Assured Facilities) की मांग का सत्यापन, शिक्षा–दीक्षा पर्यवेक्षण के माध्यम से करवाने बारे।**

********

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उल्लेख है कि वर्तमान में राज्य में 1419 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय चलाये जा रहे हैं। इनकी शुरूआत वर्ष 2017 में की गई। NCERT द्वारा यह निर्णय लिया गया कि कक्षा पहली तथा दूसरी के विद्यार्थियों को कोई होम वर्क न दिया जाए, उनके पठन–पाठन को रूचिकर, खेल आधारित, गतिविधि आधारित बनाया जाए जिसमें केन्द्र विद्यार्थी हो। बालक बिना दवाब व तनाव के अपना पूरा कार्य स्कूल में ही कर लें। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी स्कूली शिक्षा व्यवस्था देना और प्राइवेट स्कूलों के बराबर गुणवत्ता तथा ढांचागत सुविधा के स्कूल बनाकर एक सकारात्मक प्रतियोगिता करने के उद्देश्य से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की गई।

इन विद्यालयों की सफलता के मध्यनजर तथा समाज एवं अभिभावकों के रूझान को देखते हुए विभिन्न संस्थाओं SMC सदस्यों, शिक्षाविदों, विधायकगणों द्वारा इन स्कूलों के विस्तार की मांग की गई। इस मांग को स्वीकार करते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा नये राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों की घोषणा की गई जिसके फलस्वरूप वर्तमान में राज्य में 1419 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

| Sr. No. | District | No. of Schools | Sr. No. | District | No. of Schools |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ambala | 41 | 12 | Kurukshetra | 44 |
| 2 | Bhiwani | 68 | 13 | Mahendergarh | 26 |
| 3 | Charkhi Dadri | 19 | 14 | Nuh | 74 |
| 4 | Faridabad | 95 | 15 | Palwal | 61 |
| 5 | Fatehabad | 87 | 16 | Panchkula | 56 |
| 6 | Gurugram | 109 | 17 | Panipat | 58 |
| 7 | Hisar | 118 | 18 | Rewari | 28 |
| 8 | Jhajjar | 28 | 19 | Rohtak | 53 |
| 9 | Jind | 87 | 20 | Sirsa | 113 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Kaithal | 89 | 21 | Sonipat | 51 |
| 11 | Karnal | 66 | 22 | Yamunanagar | 48 |
| **Grand Total** | | | | **1419 GMSPS** | |

विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है कि इन विद्यालयों की ढांचागत सुविधाओं, कार्यप्रणाली, अंग्रेजी माध्यम, NIPUN क्रियान्वयन, समुचित शिक्षण अधिगम आदि का पर्यवेक्षण किया जाए। सभी 1419 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों के पर्यवेक्षण के लिए शिक्षा–दीक्षा पर्यवेक्षण की भांति टीम का गठन करके सभी जिलों में भेजा जाए तथा प्रत्येक राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय के पठन–पाठन के साथ–साथ ढांचागत सुविधाओं तथा आवश्यकताओं का आंकलन भी किया जाए। इसके लिए निम्नानुसार समूह के सदस्य शिक्षा–दीक्षा पर्यवेक्षण में शामिल किये गये हैं:–

| क्रमांक | समूह |
|---|---|
| 1. | निदेशालय से अधिकारी |
| 2. | SCERT से अधिकारी |
| 3. | DIET से विषय विशेषज्ञ एवं DIET प्रधानाचार्य |
| 4. | BEO and BRC |
| 5. | Deputy DEO/ DPC |
| 6. | APC, DSS, DMS, FLN (District Coordinator) |
| 7. | BRP तथा ABRC |

उपरोक्त सदस्यों को 2–2 विद्यालयों का पर्यवेक्षण करना है तथा इन विद्यालयों में उक्त अधिकारियों द्वारा **दिनांक 19.10.2023 से 20.10.2023 तक** पर्यवेक्षण किया जाए। **ग्रुप D की परीक्षा के मध्यनजर ऐसे सभी विद्यालय जहां शनिवार को परीक्षा है उनका पर्यवेक्षण वीरवार (19.10.2023) को ही कर लिया जाए।** इसके लिये Data Collection हेतु विभाग द्वारा टूल बनाया गया है तथा सम्बन्धित स्कूल द्वारा ढांचागत सुविधाओं की पूर्ति के लिए पूर्व में भेजी गई बजट मांग भी इनके साथ सांझा की जा रही है। ये सभी सदस्य इस infrastructure की मांग का सत्यापन करने के लिए UDISE तथा पिछली मांग से मिलान करेंगे, स्कूल की मांग का मौके पर सत्यापन करेंगे, SMC के सदस्यों से इस बारे चर्चा करेंगे तथा स्कूल मुखिया एवं SMC प्रधान के हस्ताक्षर करवायेंगे। **सत्यापन प्रमाण–पत्र साथ संलग्न है।** सभी सत्यापित मांग एक डेटाबेस पर अपलोड की जाएगी ताकि विद्यालयों की कलस्टरवार, खण्डवार एवं जिलावार स्थिति का अवलोकन किया जा सके तथा उन्हें तदनुसार बजट उपलब्ध करवाया जा सके। पर्यवेक्षण की समय–सारणी निम्नानुसार है :–

| क्रं. | समय | गतिविधि |
|---|---|---|
| 1. | 8:00 | प्रार्थना सभा का अवलोकन। |
| 2. | 8:30 से 8:50 | अध्यापकों से कार्यक्रम बारे चर्चा और पर्यवेक्षण के लिये आवश्यक निर्देश। |
| 3. | 8:50 से 12:00 | निपुण कार्यक्रम के तहत कक्षावार अवलोकन, Skill Passbook का मूल्यांकन, FLN की प्रगति का पर्यवेक्षण, अध्यापकों के कक्षा में पढ़ाने के तरीके का अवलोकन, पाठ्यपुस्तकों, कार्य पुस्तकों तथा अन्य सामग्री का वितरण, उपयोग, टैबलेट का उपयोग, स्मार्ट क्लासरूम का अवलोकन। |
| 4. | 12:00 से 1:00 | स्कूल की Minimum Assured Facilities जैसे कमरों की मांग, शौचालय, चारदीवारी तथा गेट की व्यवस्था, स्कूल पहुँच का मार्ग, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था, बिजली की समुचित आपूर्ति, डयूल डेस्क तथा स्कूल की रंगाई, पेन्ट, Whitewash इत्यादि। |
| 5. | 1:00 से 1:30 | SMC सदस्यों, अभिभावकों, ग्राम पंचायत, सरपंच/SMC से चर्चा। |
| 6. | 1:30 से 2:30 | स्कूल स्टाफ के साथ चर्चा, सुझाव, उपचार एवं रिपोर्ट लेखन। |

**नोटः– पर्यवेक्षण के सन्दर्भ में वीडिया कांफ्रेस का आयोजन कल दिनांक 18.10.2023 को सांय 4:00 बजे किया जाएगा जिसके लिए समय रहते आपके साथ लिंक सांझा कर दिया जाएगा।**

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 14.10.2023 को इन विद्यालयों के विद्यार्थियों के अभिभावकों से किए गए 'जन संवाद' कार्यक्रम में इन स्कूलों को प्राथमिकता से हर सुविधा उपलब्ध करवाने बारे निर्देशित किया गया है।

उक्त पर्यवेक्षण हेतु Video Conference के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इनके पूरे दिन का कार्यक्रम जिसमें निपुण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण, सामग्री की उपलब्धता तथा उपयोग, विद्यालयों का Learning Level, Skill Passbook आदि सब जांच की जाएगी तथा उसकी प्रक्रिया समझाई जाएगी। SCERT से सम्बन्धित शाखा द्वारा सभी पर्यवेक्षकों की दोनों दिनों की डयूटी लगाने तथा सम्बन्धित जिलों से समन्वय करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। पर्यवेक्षक अपने जिले से बाहर के विद्यालयों का ही पर्यवेक्षण करेंगे।

आपसे आग्रह किया जाता है कि अपने क्षेत्राधिकार के विद्यालयों में इस पर्यवेक्षण को सफल बनायें।

संलग्न: उपरोक्तानुसार

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

**पृष्ठांकन क्रमांक समः** **दिनांक, पंचकूला 17.10.2023**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ सचिव, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़।
2. निजी सहायक, माननीय निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. सहायक प्रबन्धक, माननीय राज्य परियोजना निदेशक, HSSPP, पंचकूला।
4. निजी सहायक, माननीय निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
5. राज्य के सभी जिला उपायुक्त।
6. राज्य के सभी जिला अतिरिक्त उपायुक्त
7. निदेशक, SCERT हरियाणा, गुरूग्राम को पर्यवेक्षकों की डयूटी लगाने के निवेदनार्थ।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

# "Assured Minimum Facilities"

प्रमाणित किया जाता है कि हमारे विद्यालय __________________ कोड __________ खण्ड __________ जिला ____________ में शिक्षा–दीक्षा पयवेक्षण के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों के लिए आयोजित विशेष पर्यवेक्षण कार्यक्रम (Assured Minimum Facilities) के अन्तर्गत श्रीमान / श्रीमती __________________ पद संज्ञा ____________ मोबाइल नं. ____________ द्वारा SMC के सदस्यों के साथ मिलकर सुविधाओं की मांग का सत्यापन किया जो निम्नानुसार हैः–

| क्रमांक | मद | उपलब्ध | अतिरिक्त मांग |
|---|---|---|---|
| 1. | कमरों की मांग (संख्या लिखें) | | |
| 2. | शौचालय (संख्या लिखें) | | |
| 3. | चार दीवारी मांग (मीटर में लिखें) | | |
| 4. | स्कूल पहुँच मार्ग की स्थिति | | |
| 5. | पीने का पानी – संसाधन क्या है | | |
| 6. | बिजली उपलब्धता बारे | | |
| 7. | डयूल डेस्क (संख्या लिखें) | | |
| 8. | स्कूल की Whitewash (राशि लिखें) | | |

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त जानकारी हमारे द्वारा पूरे संज्ञान के साथ भरी गई है।

हस्ताक्षर तथा मोहर
SMC सदस्य सचिव
मोबाइल नं.
दिनांकः

हस्ताक्षर तथा मोहर
SMC प्रधान
मोबाइल नं.
दिनांकः